
# किशोरावस्था की ओर 3

## कृपया वह सुने जो मैंने नहीं कहा

मुझसे धोखा मत खाओ,
मेरे चेहरे पर लगाए मुखौटे से धोखा मत खाओ।
मैंने धोखा देने के लिए मुखौटे पहने हैं, हज़ारों मुखौटे,
मुखौटे, जिन्हें उतारने से मैं डरता हूँ।
मुझसे धोखा मत खाओ,
खुदा के लिए धोखा मत खाओ।
मैं दिखलाता हूँ कि मैं सुरक्षित हूँ
मेरे साथ सब कुछ सही और शांत है
मेरा नाम आत्मविश्वास है, और
मौजमस्ती ही मेरा खेल है।
कि सब कुछ पानी की तरह शांत है
और मुझे किसी की जरूरत नहीं है
मैं स्वयं ही कमान सम्भाले हूँ!
पर मेरा विश्वास मत करना, मेरी अर्ज है।
मेरा ऊपरीपन सुखद लग सकता है,
पर यह ऊपरीपन एक मुखौटा है।
इसी के नीचे मेरा वास्तविक रूप छिपा है,
जो घबराया और डरा हुआ रहता है।
लेकिन मैं सबसे इसे छिपाता हूँ,
कि कोई जान न ले।
अपनी कमजोरियों के ख्याल से
मैं डरता हूँ,
कि किसी को पता न चल जाए,
इसीलिए मुखौटे के पीछे खुद को छिपाए रहता हूँ,
एक बेपरवाह, नकली मुखौटा।



चित्र 1

''यह पंक्तियाँ कितनी सही लगती हैं।'', अपनी स्कूल मैगज़ीन में से कविता पढ़ने के बाद अर्जुन ने कहा। उसे महसूस हुआ कि कैसे कवि ने उसके मन-मस्तिष्क को जानकर यह कविता लिखी है।

वास्तव में अर्जुन बहुत उदास था। एक संगीत प्रसंग में मुख्य भूमिका निभाने के लिए उसके संगीत शिक्षक ने उसे न चुनकर वरूण को चुना था। ''आजकल मेरी आवाज़ इतनी डरावनी क्यों निकलती है?'', अर्जुन को इस बात से आश्चर्य था। यही नहीं, चेहरे पर मुंहासे लेकर रोज़, स्कूल जाना उसे शर्मसार लगता था। उसके दोस्त उससे कहते थे कि वह बहुत ही चिड़चिड़ा हो गया है। वे सही

थे। अर्जुन ने कुछ नहीं कहा 'बस वह सारा दिन अपने कमरे में बंद रहता था।'

अर्जुन को स्वयं के विषय में जो बदलाव महसूस हो रहे थे ऐसे बदलाव/परिवर्तन हर व्यक्ति अपनी किशोरावस्था में अनुभव करता है। जब बच्चा बड़ा हो रहा होता है यह एक बहुत ही जटिल स्थिति होती है क्योंकि इस अवस्था को समझ पाना उसके लिए आसान नहीं होता। बदलाव की प्रक्रिया के दौरान किशोर के जनन अंगों में परिपक्वता आने लगती है। आओ, देखते हैं कि आप अपनी किशोरावस्था के अनुरूप कैसे हैं।

नीचे वर्गों की एक उलझन को प्रस्तुत किया गया है जिसमें किशोरावस्था से जुड़े शब्दों में आने वाले अक्षर संकेतक रूप में लिखे हैं। आप निम्नलिखित संकेतों की सहायता से इन शब्दों को पहचानें और इन्हें वर्ग में लिखकर अक्षर पहेली को पूर्ण करें। आप दाएँ से बाएँ तथा ऊपर से नीचे दोनों दिशाओं में अक्षरों को जोड़ते हुए किशोरावस्था की वर्ग पहेली को सुलझाने का प्रयत्न करें।

**संकेत**

- किशोर लड़के का स्वरयंत्र
- थायरॉइड ग्रंथि का रोग
- नर हार्मोन
- थायरॉइड ग्रंथि द्वारा उत्पादित हार्मोन
- असंतुलित भोजन का परिणाम
- क्रोध, चिंता तथा उत्तेजना के लिए उत्तरदायी हार्मोन
- तैलीय त्वचा पर पाया जाने वाला
- मादा हार्मोन
- नियंत्र अंत: स्रावी ग्रंथि
- मधुमेह का कारण

**वर्ग पहेली**

